**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1042**
**(08 फरवरी, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**पी.एम.जी.एस.वाई. के तहत किए गए कार्य की गुणवत्ता**

**1042. श्री सुरेश पुजारी:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बारगढ़ संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए तकनीकी व्यक्तियों की कोई टीम भेजी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि पीएमजीएसवाई के तहत ओडिशा और बारगढ़ संसदीय क्षेत्र में निविदा कार्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूर्व तय किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप अनुमानित मूल्य के 14.99 प्रतिशत से कम कार्य आदेश जारी किए जा रहे हैं;
(घ) क्या सरकार आश्वस्त है कि ऐसी परिस्थितियों में पीएमजीएसवाई के तहत कार्यों की गुणवत्ता और मानक बनाए रखा जा सकता है; और
(ड.) क्या सरकार पिछले दो वर्षों के दौरान संसदीय क्षेत्र बारगढ़ में किए गए ऐसे सभी कार्यों और उनकी गुणवत्ता की जांच करेगी?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): : हाल ही में बारगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत किसी भी परियोजना की जांच के लिए कोई भी केंद्रीय दल तैनात नहीं किया गया है। तथापि , पीएमजीएसवाई के दिशा-निर्देशों के अनुसार , निर्माण के विभिन्न चरणों में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्यान्वित कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पीएमजीएसवाई परियोजनाओं के निरीक्षण के लिए मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता निगरानीकर्ता

(एनक्यूएम) और राज्य द्वारा राज्य गुणवत्ता निगरानीकर्ता (एसक्यूएम) तैनात किए जाते हैं। बारगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कार्यों के अप्रैल , 2020 से 3 फरवरी, 2022 तक एनक्यूएम/एसक्यूएम द्वारा किए गए निरीक्षणों का ब्यौरा इस प्रकार है:

| गुणवत्ता निगरानीकर्ता (एनक्यूएम) का प्रकार | निरीक्षित कार्यों की कुल संख्या | संतोषजनक (S) पाए गए कार्य | संतोषजनक लेकिन सुधार की आवश्यकता (SRI) वाले कार्य | असंतोषजनक (U) पाए गए कार्य |
|---|---|---|---|---|
| **एनक्यूएम** | 76 | 66 | 5 | 5 |
| **एसक्यूएम** | 134 | 119 | 8 | 7 |

कार्यक्रम दिशानिर्देशों के अनुसार , जब भी संरचनात्मक और गैर-संरचनात्मक दोषों के कारण गुणवत्ता निगरानीकर्ताओं द्वारा किसी कार्य की रिपोर्ट दोषपूर्ण कार्य के रूप में दी जाती है , तो कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) यह सुनिश्चित करती है कि ठेकेदार सामग्री में बदलाव करे या कारीगरी को ठीक करे , जैसा भी मामला हो। ऐसे प्रत्येक कार्य के संबंध में की गई कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) को एसक्यूएम द्वारा जमीनी स्तर पर सत्यापित किया जाता है। तत्पश्चात, राज्य गुणवत्ता समन्वयक (एसक्यूसी) ऐसे प्रत्येक कार्य की एटीआर की जांच करता है और अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। तदनुसार, एनक्यूएम द्वारा U/SRI के रूप में श्रेणीबद्ध 10 कार्यों में से 05 कार्यों के संबंध में अनुपालन एसक्यूएम द्वारा उचित सत्यापन के बाद पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। एसक्यूएम द्वारा निरीक्षण के मामले में SRI/U पाए गए 15 कार्यों में से 13 कार्यों के संबंध में की गई कार्रवाई रिपोर्ट पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी है।

(ग) और (घ): कार्यक्रम दिशानिर्देशों के अनुसार , पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की निविदा और निष्पादन संबंधित राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। राज्य सरकारों/कार्यान्वयन एजेंसियों को पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सभी निविदाओं के लिए मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) का पालन करना होता है। एसबीडी के प्रावधानों के अनुसार, असामान्य रूप से कम बोलियों (एएलबी) के मामले में ठेकेदारों से अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा ली जानी होती है।

राज्यों को अनुदेश जारी किए गए हैं कि असंतुलित बोलियों के मामले में बोलीदाताओं द्वारा दरों की तर्कसंगतता के लिए विस्तृत मूल्य विश्लेषण प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यों को गुणवत्ता मानकों के अनुसार निष्पादित किया जाएगा और इस प्रकार के कार्यों के लिए एसक्यूएम द्वारा अतिरिक्त निरीक्षण किए जाने चाहिए।

(ङ) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) में गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण तथा सड़क परिसंपत्तियों की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए सुव्यवस्थित तीन स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र है। पहले स्तर में कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाइयों से अपेक्षित है कि वे क्षेत्रीय प्रयोगशाला में सामग्री तथा निर्माण कार्य की कारीगरी की अनिवार्य जांच करके प्रक्रिया को नियंत्रित करें। दूसरा स्तर राज्य स्तरीय गुणवत्ता निगरानीकर्ताओं (एसक्यूएम) के माध्यम से राज्य स्तर पर व्यवस्थित स्वतंत्र गुणवत्ता निगरानी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक कार्य का निर्माण के प्रारंभिक चरण, मध्यवर्ती चरण तथा अंतिम चरण में निरीक्षण किया जाए। तीसरे चरण में गुणवत्ता की निगरानी करने तथा क्षेत्रीय कार्मिकों को वरिष्ठ पेशेवरों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए सड़क कार्यों के रैन्डम निरीक्षण के लिए स्वतंत्र राष्ट स्तरीय गुणवत्ता निगरानीकर्ताओं (एनक्यूएम) को तैनात किया जाता है। तीन स्तरीय तंत्र के अंतर्गत सड़कों की गुणवत्ता की आवधिक निगरानी के आधार पर, जहां कहीं आवश्यक हो, राज्य सरकारों द्वारा सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।

पिछले दो वर्षों के दौरान , बारगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 8 परियोजनाओं को अनुमानित मूल्य के 14.99% से कम पर आबंटित किया गया था, जिनमें से 3 कार्य प्रगति पर हैं और अन्य कार्य करार चरण में होने की सूचना दी गई है। तदनुसार , एनक्यूएम और एसक्यूएम द्वारा अलग-अलग समय पर 3 कार्यों का निरीक्षण किया गया है। उसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| जिला | पैकेज संख्या | सड़क का नाम | एनक्यूएम/एसक्यूएम | निरीक्षण की तारीख | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| बारगढ़ | ओआर03254 | एमआरएल13-कंधुमुंडा छाक से नाथपली छाक तक वाया डांगबहल , लेबिडी | 1. एनक्यूएम<br>2. एसक्यूएम<br>3. एसक्यूएम | 29/08/2021<br>13/12/2021<br>17/08/2021 | संतोषजनक<br>संतोषजनक<br>संतोषजनक |
| झारसुगुड़ा | ओआर1468 | एमआरएल 11-तेमाल से माधुपुर तक वाया बद्धुरियाम | 1. एनक्यूएम<br>2. एसक्यूएम<br>3. एसक्यूएम | 19/08/2021<br>28/07/2021<br>20/12/2021 | संतोषजनक<br>संतोषजनक<br>संतोषजनक |
| झारसुगुड़ा | ओआर1465 | एमआरएल 10-कुकेरामा से नंदामुंडा तक | 1. एनक्यूएम<br>2. एसक्यूएम<br>3. एसक्यूएम | 23/10/2021<br>26/08/2021<br>20/12/2021 | संतोषजनक<br>संतोषजनक<br>संतोषजनक |

दिशानिर्देशों के अनुसार, 100% कार्यों का निरीक्षण एसक्यूएम द्वारा किया जाना होता है।

*****